रसिका दुग्गल दिग्गज फिल्ममेकर मीरा नायर की नई वेब सीरीज में आएंगी नजर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फिल्म मॉनसून वेडिंग और सलमान बॉम्बे जैसी मशहूर फिल्म बना चुकीं दिग्गज फिल्ममेकर मीरा नायर अब एक नई वेब सीरीज के लिए तैयार हो रही हैं. उनकी अगली वेब सीरीज अ सुटेबल बॉय काफी चर्चा में हैं. ऐसा बताया जा रहा है कि इस वेब सीरीज के कास्ट को फाइनल कर दिया गया है. आने वाली वेब सीरीज के स्टार कास्ट की बात करें तो मीरा नायर की सीरीज अ सुटेबल बॉय में रसिका दुग्गल, नमित दास, गगन देव रियार, दानेश रजवी, मिखाइल सेन और माहिरा कक्कर जैसे कलाकार एक्टिंग करते हुए नजर आएंगे. नायर की अगली वेब सीरीज की कहानी एक यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट तान्या के इर्द-गिर्द घूमती है. मशहूर अभिनेत्री रसिका इस फिल्म में तान्या की बहन के किरदार में नजर आएंगी. रसिका इससे पहले एमेजॉन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज मिर्जापुर में नजर आईं थी. मीरा नायर की वेब सीरीज में काम करने को लेकर रसिका काफी उत्साहित हैं. फिल्म में रसिका लता की बहन की भूमिका निभाएंगी, जिसकी शादी प्राण से होती है. सीरीज का हिस्सा बनने पर रसिका ने कहा, मीरा नायर की फिल्मों ने हमेशा मुझे मंत्रमुग्ध किया है. उनके फ्रेम का हर कलाकार सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है. उनके फिल्मों की संवेदनशीलता और शिष्टता मुझे बार-बार उन्हें देखने पर मजबूर करती है. गगन देव रियार

इस वेब सीरीज में प्राण नाम की भूमिका नजर आएंगे जो मुंबई के थियेटर में एक कलाकार और निर्देशक गगन निभाएंगे. इस बारे में गगन ने कहा, मीरा नायर के साथ पर्दे पर अपने पहले प्रमुख किरदार निभाने को लेकर मैं काफी खुश हूं. मुझे उम्मीद है कि प्राण कपूर के किरदार के साथ मैं न्याय कर पाउंगा. उपन्यास में वह मेरा एक पसंदीदा किरदार रहा है. सीरीज में दानेश स्टार क्रिकेट खिलाड़ी कबीर और मिखाइल एक सनकी कवि अमित के किरदार में नजर आएंगे. वेब सीरीज की कहानी एक उपन्यास आधारित है, जिसका बैकग्राउंड 1951 के वक्त के उत्तर भारत के चार बड़े परिवारों की एक कहानी पर आधारित है जब देश एक स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर अपनी पहचान बना रहा था तथा देश में पहले लोकतांत्रिक आम चुनाव होने वाले थे.

इटली के लेक कोमो में छुट्टियां मना रहीं कियारा आडवाणी

शाहिद कपूर के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म कबीर सिंह से दर्शकों के दिलों पर छा जाने वाली ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी बॉलिवुड की चहेती ऐक्ट्रेस बन चुकी हैं। अपने परफॉर्मंस के बाल पर उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। फिल्मों के साथ-साथ कियारा सोशल मीडिया पर भी तेजी से अपने फैन्स फॉलोइंग की संख्या बढ़ा रही हैं।

एम.एस. धोनी ऐक्ट्रेस कियारा ने अपनी एक लेटेस्ट तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है, जिसकी वजह से वह चर्चा में छाई हैं। कियारा फिलहाल वहीं हैं, जहां दीपिका और रणवीर सिंह ने शादी रचाई थी। जी हां, कियारा इटली के लेक कोमो में हॉलिडे को इंजॉय कर रही हैं। उन्होंने इसी हॉलिडे की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की है, जिसमें लेमन यलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं कियारा।

कियारा ने जो लेटेस्ट तस्वीर पोस्ट की है, उसमें पहाड़ों से घिरे झील के बीच वह धूप का आनंद लेती दिख रही हैं। इस तस्वीर में कियारा लेमन यलो क्रॉप टॉप में दिख रही हैं और उन्होंने खूबसूरत हेड बैंड लगा रखा है। इससे पहले भी उन्होंने लेक कोमो के एक होटल में खाना का लुत्फ उठाते हुए तस्वीर शेयर की। यह तस्वीर भी सेम ड्रेस में है और वह कियारा खाते हुए पोज़ देती नजर आ रही हैं। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो कियारा अब अक्षय कुमार की फिल्म गुड न्यूज़ में नजर आएंगी, जिसमें करीना कपूर और दिलजीत दोसांझ भी नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 27 दिसम्बर को रिलीज़ हो रही है। फिलहाल कियारा लक्ष्मी बम की शूटिंग में व्यस्त हैं और इसमें भी अक्षय कुमार नजर आनेवाले हैं।

रकुल प्रीत ने किया 79 किलो का डेडलिफ्ट

रकुल प्रीत खूबसूरत होने के साथ ही काफी फिट भी हैं, जिसके पीछे फिटनेस को लेकर उनकी कड़ी मेहनत है। यह ऐक्ट्रेस अपनी फिटनेस को लेकर नए गोल्स भी सेट करती रहती है और हर बार अपनी बॉडी को नया चैलेंज देती है। अब इस अदाकारा ने इंस्टाग्राम पर एक विडियो शेयर किया है जिसे देख फैन्स भी हैरान हो गए हैं। विडियो में रकुल वेट उठाती दिखाई दे रही हैं और यह वेट भी हल्का नहीं है बल्कि काफी भारी है। ऐक्ट्रेस ने विडियो के साथ लिखे कैप्शन में इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने इस बार 175 पाउंड यानी 79 किलो का वेट उठाया है। उन्होंने ऐसा खुद के फॉर्म को और परफेक्ट बनाने के लिए करना शुरू किया है। इसके बाद उन्होंने अपने ट्रेनर को भी शुक्रिया कहा जिन्होंने इसमें उनकी मदद की। वर्क फ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत फिल्म मारजावां में नजर आएंगी, जिसमें रितेश देशमुख, सिद्धार्थ मल्होत्रा और तारा सुतारिया अहम रोल निभाते नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है जिसे लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।